# राष्ट्रीय सेवा भारती

www.rashtriyasewabharati.org | विक्रम संवत - 2082, माघ, कृष्ण पक्ष | ई बुलेटिन मासिक: जनवरी- 2026





## दो दिवसीय छात्रावास कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग

पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड) क्षेत्रों का दो दिवसीय छात्रावास कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग 13–14 दिसंबर 2025 को भारतीय दलहन अनुसंधान केंद्र, कानपुर में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।



प्रशिक्षण वर्ग में राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त महामंत्री श्री विजय पुराणिक जी, अ. भा. छात्रावास प्रमुख श्री जयदेव जी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र सेवा प्रमुख श्री धनीराम जी, पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र सेवा प्रमुख श्री युद्धवीर जी तथा कानपुर प्रांत के प्रांत प्रचारक श्री श्रीराम जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग में सात प्रांतों से आए 51 अधीक्षकों एवं समिति कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। चर्चासत्रों और कार्यशालाओं के माध्यम से छात्रावास संचालन, कार्यकर्ता भूमिका, संगठनात्मक दक्षता और सेवा प्रभावशीलता जैसे विषयों पर गहन मार्गदर्शन दिया गया।




वर्ग का उद्देश्य छात्रावास व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, संस्कारयुक्त और प्रभावी बनाना रहा। यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं में दृष्टि, समर्पण और संगठनात्मक स्पष्टता को और मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ।

| | |
|---|---|
| 19520 | शिक्षा |
| 9560 | स्वास्थ्य |
| 9392 | सामाजिक |
| 5649 | स्वावलम्बन |

### सेवा कार्यवृत्त

“ नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय - झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 44121 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं। ”

# देशभर में हुए सेवा कार्य



प्रान्त: दक्षिण बिहार

सेवा भारती द्वारा पटना के रामेश्वर उपभाग में एक विशाल चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वीणा जी के मार्गदर्शन में स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं जीवनशैली संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त किया। यह शिविर उन लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने का प्रयास है, जो आर्थिक कारणों से उपचार से वंचित रहते हैं। सेवा भारती के कार्यकर्ताओं के सहयोग से यह आयोजन सफल रहा और समाज में स्वास्थ्य-जागरूकता का संदेश पहुँचा।



प्रान्त: मध्यभारत

जिला जेल राजगढ़ में सेवा भारती द्वारा बंदियों के पुनर्वास और स्वावलंबन हेतु 7 दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बंदियों को इलेक्ट्रिक झालर निर्माण एवं मोटर वाइंडिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बंदियों को कौशल-सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर जीवन की ओर प्रेरित करना है।



प्रान्त: देवगिरि

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सेवा भारती देवगिरि प्रांत द्वारा धुले–जलगांव विभाग के लिए बाल संस्कार एवं किशोरी विकास वर्गों की शिक्षिकाओं हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में बाल संस्कार और किशोरी विकास के उद्देश्य, आवश्यकता, संचालन विधि तथा सेवा बस्ती संपर्क जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।

जलगांव, धुले, नंदुरबार और पिंपलनेर से 40 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता की तथा अपने-अपने क्षेत्रों में नए वर्ग प्रारंभ करने का संकल्प लिया। यह कार्यशाला संगठन विस्तार, नारी शक्ति के जागरण और भावी पीढ़ी के संस्कार निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही।



प्रान्त: पंजाब

सेवा भारती बरनाला द्वारा 1 दिन से 15 वर्ष आयु वर्ग के 50 बच्चों को सुवर्णप्राशन की बूंदें पिलाई गईं। यह पहल बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता, स्वास्थ्य और संस्कार सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

# देशभर में हुए सेवा कार्य



**प्रान्तः उत्तर बिहार**

उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित मुक्ति धाम परिसर में संचालित अप्पन पाठशाला में नव-स्थापित कंप्यूटर शिक्षा कक्ष का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह-सेवा प्रमुख श्री ए. सेंथिल कुमार जी द्वारा किया गया। प्रारंभिक चरण में दो कंप्यूटर स्थापित किए गए हैं। कक्षा 7–11 के विद्यार्थियों को प्रतिदिन तथा कक्षा 4–6 के बच्चों को सप्ताह में दो दिन प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रयास शिक्षा को तकनीक से जोड़कर नए अवसर खोलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।




**प्रान्तः ब्रज**

सेवा भारती ब्रज प्रान्त के बरेली संभाग अंतर्गत 10 जिलों के अध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्षों का प्रशिक्षण वर्ग बरेली स्थित संघ कार्यालय केशव कृपा में सम्पन्न हुआ। 35 स्वयंसेवकों की सहभागिता वाले इस वर्ग में संगठनात्मक कार्यप्रणाली, दायित्वबोध और सेवा कार्यों की प्रभावी दिशा पर मार्गदर्शन हुआ।

वर्ग का उद्देश्य सेवा भारती की इकाइयों को अधिक सशक्त, समन्वित और समाजोपयोगी बनाना रहा, जिससे ब्रज प्रान्त में सेवा–संस्कार–संगठन की चेतना और अधिक दृढ़ हो सके।



**प्रान्तः जम्मू–कश्मीर**

सेवा भारती जम्मू–कश्मीर, नेशनल मेडिकोज़ ऑर्गेनाइजेशन एवं एकल अभियान के संयुक्त प्रयास से कश्मीर के कुंदाबल (मानसबल झील के समीप) स्थित राजकीय उच्च विद्यालय परिसर में महर्षि सप्तऋषि साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर में 103 लाभार्थियों (पुरुष, महिलाएँ एवं बच्चे) की स्वास्थ्य जाँच कर निःशुल्क औषधियाँ वितरित की गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं मेडिकल विद्यार्थियों की टीम ने सेवाएँ प्रदान कीं।

यह सेवा अभियान अब हर रविवार कश्मीर के दूरस्थ व वंचित क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत वर्ष भर लगभग 50 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

यह पहल स्वास्थ्य, संवेदना और सेवा भाव का सशक्त उदाहरण है।




**प्रान्तः मालवा**

सेवा भारती द्वारा संचालित जनजाति सशक्तिकरण केंद्र, बड़ा घोसलिया के छात्रावास में अध्ययनरत 58 जनजातीय बालकों के लिए कंबल व अध्ययन सामग्री वितरित की।

# देशभर में हुए सेवा कार्य




प्रान्त: दिल्ली

सेवा भारती दिल्ली प्रांत द्वारा नवीन कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन किया गया। इसमें झंडेवालान, उत्तरी, पश्चिमी एवं केशवपुरम—चारों विभागों के 23 नवदायित्व कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। चार सत्रों में हुए इस प्रशिक्षण का शुभारंभ गीत एवं गायत्री मंत्र से हुआ। प्रथम सत्र में संगठन की रीति–नीति और कार्यकर्ता निर्माण पर मार्गदर्शन मिला। द्वितीय सत्र में सेवा की अवधारणा, संघ के सेवा विभाग एवं सेवा भारती के समन्वय और उत्थानकारी सेवा पर स्पष्टता दी गई। तृतीय सत्र में सेवा भारती की भौगोलिक व संगठनात्मक संरचना तथा कार्य-नियोजन की प्रक्रिया समझाई गई। अंतिम सत्र में जिज्ञासा–समाधान के माध्यम से कार्यकर्ताओं के प्रश्नों का आत्मीय समाधान हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं में दृष्टि, स्पष्टता, समन्वय और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला सिद्ध हुआ। सहभागियों ने ऐसे प्रशिक्षणों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता व्यक्त की।



प्रान्त: उत्तराखंड

देहरादून में सेवा भारती के सुभाष चंद्र बोस परामर्श चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर नागरिकों को परामर्श, जांच और मार्गदर्शन दिया गया। वहीं विकास नगर की ग्राम सभा धूलकोट मेहरे में सिलाई केंद्र का उद्घाटन कर महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण व संस्कारों के साथ स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ाया गया।



प्रान्त: मेरठ

सेक्टर-122 के श्रमिक कुंज में सेवा भारती द्वारा किशोरी विकास केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र में 67 किशोरियाँ मानसिक, आध्यात्मिक और शारीरिक विकास हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। यहाँ योग और यष्टि अभ्यास के माध्यम से आत्मविश्वास, अनुशासन और सशक्त व्यक्तित्व का निर्माण किया जा रहा है।




प्रान्त: मालवा

गौतमपुरा (महू) में किशोरी विकास एकत्रीकरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। चार घंटे के इस कार्यक्रम में 8 बस्तियों की 139 बालिकाओं ने सहभागिता की। इस एकत्रीकरण के माध्यम से 11 स्थानों पर नए किशोरी केंद्र प्रारंभ होने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

# देशभर में हुए सेवा कार्य



प्रान्त: चित्तौड़

स्वामी विवेकानंद विद्या निकेतन, छावनी कोटा में सेवा भारती द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रांत कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक सुदृढ़ता, सेवा विस्तार और सामाजिक परिवर्तन के आयामों पर गहन मार्गदर्शन दिया गया। वर्ग का शुभारंभ योग, मंत्र-स्मरण और साधना के साथ हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान बाल संस्कार, सत्संग, छात्रावास, सामाजिक समरसता, संगठन संचालन, प्रवास योजना, सेवा सुरभि, प्रचार-विमर्श और दायित्व बोध जैसे विषयों पर व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

वर्ग का मूल संदेश स्पष्ट रहा - सेवा का लक्ष्य आश्रित बनाना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सक्षम, स्वावलंबी और राष्ट्रनिर्माण का सहभागी बनाना है।

समापन पर कार्यकर्ताओं ने सेवा संकल्प के साथ समाज के हर कोने तक पहुँचने का दृढ़ निश्चय किया।







प्रान्त: महाकौशल

उमरिया नगर में सेवा भारती द्वारा स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 547 नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

शिविर में प्रशासनिक, सामाजिक एवं संगठनात्मक प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह आयोजन समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुलभ, संवेदनशील और सेवाभावपूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने की सेवा भारती की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।




प्रान्त: झारखंड

सेवा भारती, रांची महानगर के तत्वावधान में रातू प्रखंड के तिगरा ग्राम स्थित रामावती वृद्धाश्रम में निवासरत 14 वृद्ध महिला-पुरुषों को ठंड से राहत हेतु कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर सेवा भारती संरक्षक श्री ओमप्रकाश केजरीवाल ने निरंतर सहयोग का संकल्प व्यक्त किया, जबकि श्री मनोज केजरीवाल द्वारा कंबल प्रदान किए गए। यह सेवा कार्य नर सेवा–नारायण सेवा की भावना को साकार करता है।

# देशभर में हुए सेवा कार्य


प्रान्त: केरल

सेवा भारती एवं उरकम संजीवनी समिति के संयुक्त तत्वावधान में संचालित उन्नति कौशल विकास परियोजना के अंतर्गत टैली कोर्स पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों का प्रमाण पत्र वितरण समारोह संजीवनी समिति परिसर में संपन्न हुआ।
परीक्षा में सम्मिलित 10 में से 7 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह प्रशिक्षण युवाओं की रोज़गार-योग्यता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक पहल है, जो समाज के लिए दीर्घकालिक लाभकारी सिद्ध होगी।


प्रान्त: जोधपुर

अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की महिला जिला इकाई द्वारा सेवा भारती हनुमानगढ़ के बाल संस्कार केंद्रों पर लगभग 45 बच्चों को गरम वस्त्र, जूते एवं अल्पाहार वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में महिला पदाधिकारियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।
सेवा भारती हनुमानगढ़ विगत 15 वर्षों से जरूरतमंद बच्चों के शिक्षा-संस्कार और महिलाओं के स्वावलंबन हेतु निरंतर कार्य कर रही है। बच्चों ने इस सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की, वहीं संगठन ने भविष्य में भी बच्चों व महिलाओं के लिए सहयोग जारी रखने का संकल्प दोहराया।


प्रान्त: हिमाचल

नर सेवा ही नारायण सेवा के भाव को साकार करते हुए सेवा भारती कांगड़ा टांडा मेडिकल कॉलेज में संचालित रोगी सहायता केंद्र के माध्यम से प्रतिदिन 60–70 जरूरतमंद रोगियों एवं परिजनों को सहारा दे रही है। यह केंद्र केवल सुविधा नहीं, बल्कि करुणा और संवेदना का जीवंत प्रतीक है।
जिला सचिव श्रीमती सुमन सैनी के नेतृत्व में समर्पित कार्यकर्ता टोलियों में निरंतर सेवा कर रहे हैं, जिससे समाज में स्वयंसेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों का संचार हो रहा है। कठिन समय में यह सेवा मानसिक और सामाजिक संबल बनती है तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा देती है।
सेवा भारती कांगड़ा का यह प्रयास समाज को जोड़ने, मानवता को सशक्त करने और सेवा की परंपरा को जीवित रखने का प्रेरक उदाहरण है।





# किशोरी विकास केंद्र : डर से दृढ़ता की ओर

**तेलंगाना प्रान्त:** हैदराबाद के अमीरपेट रेलवे जंक्शन पर डरी-सहमी पंद्रह वर्ष की एक बालिका अपनी मां के आँचल में सिमटी थी। भीड़ ने देखा, पर आगे बढ़ गई। वहीं तेलंगाना सेवा भारती की प्रांत सचिव जयाप्रदा दीदी ने उस मौन पीड़ा को समझा। जब बालिका के साथ हुए अमानवीय अत्याचार की कथा सामने आई, तो यह केवल एक घटना नहीं रही - यह सेवा बस्तियों में रहने वाली हजारों किशोरियों की सामूहिक सच्चाई बन गई।



यहीं से समाधान की यात्रा शुरू हुई। तय हुआ कि सहानुभूति नहीं, सुरक्षा और सशक्तिकरण चाहिए। तत्कालीन क्षेत्र सेवा प्रमुख पटोला रामा रेड्डी और प्रांत संघचालक देशमुख जी के मार्गदर्शन में विचार-विमर्श से किशोरी विकास केंद्र की अवधारणा बनी। ये केंद्र प्रतिदिन दो घंटे चलने वाले ऐसे मंच हैं, जहाँ पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य जागरूकता, आत्मरक्षा, आत्मविश्वास और स्वावलंबन की शिक्षा दी जाती है। सिलाई-कढ़ाई, वोकेशनल प्रशिक्षण, गुड-बैड टच की समझ, कठिन परिस्थितियों से जूझने का साहस - सब कुछ एक साथ। संस्कारों के साथ देशभक्ति का भाव भी जागृत होता है। साधारण दिखने वाले ये केंद्र भीतर से सशक्त नारी गढ़ते हैं।



ये केंद्र प्रतिदिन दो घंटे चलने वाले ऐसे मंच हैं, जहाँ पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य जागरूकता, आत्मरक्षा, आत्मविश्वास और स्वावलंबन की शिक्षा दी जाती है। सिलाई-कढ़ाई, वोकेशनल प्रशिक्षण, गुड-बैड टच की समझ, कठिन परिस्थितियों से जूझने का साहस - सब कुछ एक साथ। संस्कारों के साथ देशभक्ति का भाव भी जागृत होता है। साधारण दिखने वाले ये केंद्र भीतर से सशक्त नारी गढ़ते हैं।

इन केंद्रों से निकली किशोरियों ने आगे बढ़कर बस्तियों में तरुणी विकास केंद्र शुरू किए। कोरोना काल में उन्होंने राशन, दवाइयों और सेनिटाइजेशन में निर्भीक सेवा दी। मातृमंडल की बहनों ने अनेक स्थानों पर बाल विवाह रोके; अब कई किशोरियां आईटी प्रशिक्षण भी पा रही हैं।

जहाँ ये केंद्र चले, वहाँ बदलाव दिखा। हैदराबाद का महात्मा गांधी नगर, कभी नशा और जुए से ग्रस्त, आज नई दिशा में है। युवाओं ने नशा छोड़ा, केंद्र के लिए शेड बनाया, और प्रेरणा से 80 नए केंद्र खुले। समाज के सहयोग से संचालित ये केंद्र डर को दृढ़ता में और पीड़ा को परिवर्तन में बदल रहे हैं, यही भारत के नए सवेरे की आहट है।

# गैलरी



प्रान्त: जम्मू-कश्मीर

सेवा भारती रामबन द्वारा प्रत्येक रविवार को रोगियों एवं उनके परिजनों के लिए निःशुल्क लंगर सेवा निरंतर संचालित की जा रही है।



प्रान्त: जोधपुर

सेवा भारती अनूपगढ़ द्वारा मजहबी सिख बस्ती स्थित बाबा जीवन सिंह गुरूद्वारे में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



प्रान्त: मध्यभारत

सेवा भारती रायसेन एवं शिव गोमती जनकल्याण समिति, बारला के संयुक्त तत्वावधान में किशोरी व्यक्तित्व विकास शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



प्रान्त: महाकौशल

सेवा भारती द्वारा सेवा बस्ती में छात्रों और स्थानीय निवासियों के लिए सुपोषण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



प्रान्त: उत्तर असम

सेवा भारती द्वारा योग शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को योग शिक्षण की व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी प्रदान की गई।




प्रान्त: कर्नाटक उत्तर

ठंड को देखते हुए सेवा भारती द्वारा सेवा बस्ती में बुजुर्ग महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को कंबल वितरित किए गए।

राष्ट्रीय सेवा भारती के सोशल मीडिया से जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

**राष्ट्रीय सेवा भारती**

वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org

ईमेल : office@rashtriyasewabharati.org

फोन न. : 011-46523618, मोबाइल न.: 09868245005